राज्य स्तरीय आकलन

SA	1

सत्र – 2019–20

आदर्श उत्तर

कक्षा – 8 **विषय - हिन्दी**

माध्यम – हिन्दी **PAPER CODE -**

8	0	1	1

पठन खण्ड

उत्तर 1 **5 अंक**

i. नदियों का उद्गम पर्वतीय क्षेत्रों –झील, झरने या हिमनदी से होता है।

ii. जब सहायक नदियाँ मुख्य नदी से मिलती है तब उसमें जल की मात्रा बढ़ जाती है। फलतः नदियाँ चौड़ी हो जाती हैं।

iii. धरातल पर बहने वाला वर्षा का अतिरिक्त जल भूमि के अंदर ही अंदर बहता है, उसे ही हम भूमिगत जलस्त्रोत के रूप में जानते हैं।

iv. नदियाँ जहाँ से आरम्भ होती हैं उसे उसका उद्गम और जहाँ उसका अन्त होता है उसे उसका मुहाना कहते हैं।

v. ''नदी की कहानी'' 'नदी की यात्रा' नदियाँ– उद्गम से मुहाने तक आदि।

नोट – इसी तरह विषयवस्तु से संबंधित अन्य शीर्षक भी हो सकते है।

अथवा

i. (स) एशिया का

ii. (ब) राजकुमारी के नाम पर

iii. (घ) कक्षा 3 री उत्तीर्ण

iv. (द) 14 अक्टूबर 1956

v. (द) विश्व विद्यालय की विस्तृत जानकारी देना

लेखन खण्ड

उत्तर 2 कक्षा मॉनिटर की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका कक्षा में अनुशासन व्यवस्था को कायम करने में सहयोग देना, शिक्षक और कक्षा के छात्रों के मध्य समन्वय बनाना, अपनी कक्षा का अन्य कक्षाओं से समन्वय बनाना, कक्षागत समस्या को सामने लाना एवं उसके निदान में सहयोग करना आदि है। **2 अंक**

उत्तर 3 निर्देश – (संकेत)

गाँव के परिवेश, स्थिति, जनसंख्या, रीति – रिवाज संस्कृति आदि से संबंधित जानकारियाँ होंगी । **3 अंक**

उत्तर 4 संकेत i. समस्या का विवरण **5 अंक**

ii. कारण

iii. उपाय

iv. वाक्य संरचना।

v. वर्तनीगत शुद्धियाँ

<u>व्याकरण खण्ड</u>

उत्तर 5 अ – (,) **1 अंक**

उत्तर 6 द – विदेशी **1 अंक**

उत्तर 7 स – गिरवाना **1 अंक**

उत्तर 8 अ – नक्शा **1 अंक**

उत्तर 9 'चाकर ईटा' में 'चाकर' शब्द ह विशेषण हवै। **2 अंक**

2 अंक

उत्तर 10

जातिवाचक	भाववाचक
गाय	मिठास
पहलवान	गर्माहट

उत्तर 11 अर्थ – मुश्किल काम करना **2 अंक**
वाक्य – रमेसर ल बम्बलई के चढ़ाई लहु के नदिया तउँर के निकले जइसन लगीस।

साहित्य खण्ड

उत्तर 12 स – उपजाऊ **1 अंक**

उत्तर 13 प्रवासी चिड़िया रात में यात्रा इसलिए करती हैं क्योंकि रात के समय उन्हें आक्रामकों से कम खतरा रहता है। **2 अंक**

उत्तर 14 रमेसर ल नाचा देखन नइ भाय अउ फेर घर के रखइया कोनो नइ रहिन, एकर सेती ओह नाचा देखे नई गिस। **3 अंक**

उत्तर 15 कुँवर सिंह को फिरंगी जर्नेलों को छकाने और उन्हें अपनी शतरंजी चालों से मात पर मात देने का नशा था। उन्हें इस कार्य में बहुत मज़ा आता था। **3 अंक**

उत्तर 16 लेखक ने जब मैले – कुचैले कपड़ो में टूटी खाट पर पड़े उस जादूगर को रूपयों के लिए रोते देखा जो कागज से रूपए तथा हवा में मिठाई बना लेता था, उसकी यह दुर्दशा देखी तब उसे वास्तविकता के इस कठोर संसार से धक्का पहुँचा और उसके जादूगर बनने का सपना टूट गया। **3 अंक**

उत्तर 17 डायरी लेखन के निम्न लाभ हो सकते हैं – **3 अंक**

डायरी लेखन वास्तव में हमारी दिनचर्या अथवा हमारे साथ बीती, देखी सुनी समस्त घटनाओं का लिखित ब्यौरा होती है जिसे हम अपने पास संरक्षित कर सकते हैं। यह डायरी हमारे लिए आइने का कार्य करती है, जिसमें हम स्वयं के साथ घटित भूतकाल की घटनाओं/अनुभवों को पीछे मुड़कर देख सकते हैं। अपने पूर्व की गलतियों/अनुभवों से सबक लेकर सुधार सकते हैं। डायरी में अंकित हँसी– मजाक अथवा खुशियों के पलों को पढ़कर उन सुखद स्मृतियों में मानसिक रूप से पुनः लौट सकते हैं, झाँक सकते हैं और तरो–ताज़ा हो सकते हैं।